लद्दाख ने पूर्ण कार्यशील साक्षरता हासिल की

स्रोत: पी. आई. बी

हाल ही में केंद्रशासित प्रदेश (Union Territory- UT)) लद्दाख को **97% से अधिक साक्षरता हासिल** करने के बाद **उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत** पूर्ण कार्यशील साक्षरता हासिल करने वाला घोषित किया गया है।

- **कार्यात्मक साक्षरता** से तात्पर्य किसी व्यक्ति की उन गतिविधियों में प्रभावी रूप से संलग्न होने की क्षमता से है जिनमें **व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास के लिये पढ़ना, लिखना और गणना** करना आवश्यक होता है।
  - **बुनियादी साक्षरता** मुख्य रूप से **पढ़ना, लिखना और अंकगणित कौशल हासिल** करने पर केंद्रित है।
- **उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम या नया भारत साक्षरता कार्यक्रम (NILP):**
- **उल्लास (समाज में सभी के लिये आजीवन शिक्षा को समझना) एक केंद्र प्रायोजित योजना** है जिसे **वर्ष 2022-2027 तक क्रियान्वित** किया जाएगा।
- इसका **उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्हें उचित स्कूली शिक्षा** नहीं मिल पाती। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy- NEP) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप है।
  - उल्लास से देश भर में 77 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं।
- **उल्लास योजना के 5 घटक:** आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल और सतत् शिक्षा।

शिक्षा से संबंधित अन्य सरकारी पहल:

- प्रौद्योगिकी संवर्द्धित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम।
- सर्व शिक्षा अभियान
- प्रज्ञाता
- मिड डे मील योजना
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
- पीएम श्री स्कूल

//

अधिक पढ़ें: [अखिल भारतीय शिक्षा समागम और उल्लास पहल](), [राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020]() ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladakh-achieves-full-functional-literacy